# प्युरिटी का फाउंडेशन हो मजबूत

गतांक से आगे...

जैसा कि पिछले दो अंकों में हम प्युरिटी के बारे में ही बात कर रहे हैं। तो अब हम और आगे बढ़ते हैं कि बाबा ने हमें जो कहा कि प्युरिटी माना सिर्फ ब्रह्मचर्य नहीं, सिर्फ उसको ही प्युरिटी नहीं कहा जाता। लेकिन प्युरिटी माना ब्रह्माचारी बनना। ब्रह्मा बाबा ने जो आचरण करके सिखाया, उस बात को आचरण में लाना ये है ब्रह्माचारी, ये है प्युरिटी। तो बाबा कई बार मुरली में अपना अनुभव सुनाते हैं कि भक्ति मार्ग में बाबा में कितनी रॉयल्टी थी, कितनी सच्चाई थी कि कई बार राजाओं, महाराजाओं के पास भी जाते थे तो उनकी सत्यता की सभ्यता को देखते हुए वो राजायें भी कह देते बाबा को कि भगवान से गलती हो गई राजा तो आपको बनाना चाहिए था, हमको बना दिया। कितनी बड़ी बात है। कोई स्टेट का राजा ये बात बोले बाबा को तो ये सोचने की बात है। उनके अन्दर इतनी सत्यता थी कि कभी कोई बात को लेकर झूठ नहीं अपनाया। जो बात जैसे है वैसे ही बता देते थे। जो भी उनके पास आता व्यापार के रिलेटेड तो बता देते थे कि मैं गीता का पाठ किए बिना कोई कार्य आरम्भ नहीं करता। बाबा गीता का पाठ करके ही सब कार्य करते थे। चाहे वो बैठा रहे। वो कहते थे कि हम तो आपको इतना दान देने के लिए तैयार हैं आप अपना पूजा-पाठ छोड़ दो, गीता का पाठ छोड़ दो और बिजनेस पर आ जाओ। तो बाबा कहते थे कि आप तो हमें कागज़ देते हैं और हम तो आपको हीरे देते हैं, दाम आप हमें दे रहे हैं या हम आपको दे रहे हैं। और उसके लिए मैं अपनी जीवन की नियम-मर्यादायें नहीं छोडूंगा।

तो इसीलिए कहा कि प्युरिटी एक तो विचारों की क्योंकि विचार ही चेहरा बनाता है। तो विचार किस प्रकार है वो चेहरा बताता है। तो चेहरा कैसा होना चाहिए? सदा खुशी



ब्र.कु. उषा,वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षिका

वाला, सदा खुशकिस्मत दिखाई दे कि ये खुशकिस्मत है। ऐसा खुशी वाला चेहरा सदा हो, जिस चेहरे के अन्दर ऐसी रूहानियत समाई हो। क्योंकि चेहरे में ही तो सारी बातें आ जाती हैं, दृष्टि भी आ जाती है, वृत्ति भी आ जाती है। तो उसके लिए बाबा ने कहा कि दृष्टि के अन्दर रूहानियत हो, रूहों को देखो, उस सत्य स्वरूप को देखो, हर आत्मा का सत्य स्वरूप दिखाई दे। ऐसी हमारी दृष्टि हो कि ये हमारा आत्मा भाई-भाई है। ऐसी वृत्ति हमारी बन जाये और इस तरह जब आपस में एक-दूसरे के साथ बात करते हैं तो उसमें भी रूहानियत छलके, अर्थात् बातचीत के अन्दर रूहानियत का भाव, मधुरता, गंभीरता, ये भी प्युरिटी का ही हिस्सा है। दादी जानकी हमेशा ये बात कहती थीं कि प्युरिटी का प्रमाण मधुरता, धैर्यता, गंभीरता और सरलता है। इन चार बातों से वाणी का पता चलता है। अगर वाणी के अन्दर सरलता न हो, सहजता न हो, मधुरता न हो, धैर्यता न हो, गंभीरता न हो तो जो मम्मा के प्रैक्टिकल जीवन से, सभी दादियों के जीवन से सुना मम्मा के एक-एक जो वचन निकलते थे वो कितने ज्ञानयुक्त निकलते थे। वो वाणी मम्मा की कैसी होती थी धैर्यता और गंभीरता वाली। इसीलिए उनके एक-एक बोल में वजन होता था जिसको कहा जाये तोलो और बोलो। तो मम्मा का एक-एक वचन सुनने के लिए हर कोई कैसे तत्पर रहता था।

बाबा ने हमें कितना सरल बता दिया कि बच्चे तुम्हारी वाणी के अन्दर मधुरता, नम्रता छलकती होगी तो लोग आतुरता से सुनेंगे आपके शब्दों को। व्यर्थ जितना बोलते हैं, आज किसी की ग्लानि कर रहे हैं, निंदा कर रहे हैं तो क्या कहेंगे कि फालतू बातें कर रहे हैं, टाइम वेस्ट किया हमारा। दूसरी बार क्या करेंगे उस व्यक्ति से किनारा कर लेंगे। इसीलिए बाबा ने हमें इतनी सुन्दर विधि बताई कि हमारी दृष्टि, वाणी और वृत्ति ये तीन चीज़ कैसी होनी चाहिए। वो प्युरिटी की पर्सनैलिटी है हमारी।

- क्रमशः



बैकुंठपुर-छ.ग.। 'आज़ादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर' अभियान के तहत महाशिवरात्रि पर आयोजित कार्यक्रम में संसदीय क्षेत्र कोरबा की लोकसभा सांसद ज्योत्सना महंत, सुरेन्द्र दुबे,कार्यपालन अभियंता,जल संसाधन, अशोक जायसवाल,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष, जीतेन्द्र गुप्ता,सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी, ब्र.कु. रेखा बहन तथा अन्य ब्र.कु. भाई-बहनें उपस्थित रहे।



छोटा उदेपुर-गुज.। आशा प्रतिष्ठा चैरिटेबल ट्रस्ट,दिल्ली द्वारा किंग्स कोर्ट बैंकेट,पश्चिम विहार दिल्ली में आयोजित 'वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप सम्मान समारोह' में राजयोगिनी ब्र.कु. डॉ. मोनिका बहन को आदिवासी क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए 'लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड 2022' से सम्मानित किया गया। इस मौके पर आशा प्रतिष्ठा चैरिटेबल ट्रस्ट की फाउंडर और नेशनल प्रेसीडेंट श्रीमति अजीता सिंह, बीजेपी की प्रदेश अध्यक्षा श्रीमति योगिता सिंह, बीजेपी के वरिष्ठ नेता विक्रम डोगरा तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



उमरेड-महा.। महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में 'सर्व धर्म समभाव' नाटिका के प्रतिभागियों के साथ मंच पर विधायक राजू पारवे, पूर्व विधायक सुधीर पारवे, नगरसेवक राजेश भेंडे, क्रिश्चियन धर्म के प्रतिनिधि फादर वर्सीस,डब्ल्यूसीएल चर्च, सिख धर्म के प्रतिनिधि प्रीतम सिंह सैनी,डब्ल्यूसीएल उमरेड, राजयोगिनी ब्र.कु. रेखा दीदी, ब्र.कु. अशोक भाई तथा अन्य।



अहमदाबाद-इंडिया कॉलोनी। ज्ञानचर्चा के पश्चात् सेवाकेन्द्र पर अब्दुल्ला मोहम्मद,दुबई और अफरिकन बिज़नेस मैन व सन ऑफ दुबई पुलिस ऑफिसर को ईश्वरीय सौगात भेंट करते हुए ब्र.कु. भानु बहन तथा ब्र.कु. बाबू भाई।


## ओम शान्ति मीडिया सदस्यता हेतु सम्पर्क करें....

कार्यालय - ओम शान्ति मीडिया

संपादक - ब्र.कु. गंगाधर, ब्रह्माकुमारीज, शान्तिवन, तलहटी,
पोस्ट बॉक्स न - 5, आबू रोड (राज.) 307510
सम्पर्क- M- 9414006096, 9414182088,
Email-omshantimedia@bkivv.org

सदस्यता शुल्क : भारत - वार्षिक 200 रूपये, तीन वर्ष 600 रूपये, कृपया सदस्यता शुल्क 'ओम शान्ति मीडिया' के नाम मनीऑर्डर या चैक ड्राफ्ट (पेएबल एट शांतिवन, आबू रोड) द्वारा भेजें।

Website: www.omshantimedia.org

**For Online Transfer**

BANK NAME:- STATE BANK OF INDIA(SBI)
ACCOUNT NO: - 30826907041
ACCOUNT NAME:- OM SHANTI MEDIA
IFSC - CODE - SBIN0010638
BRANCH:- Prajapita Brahmakumaris Ishwariya Vishwa Vidhyalya,Shantivan
Note:- AfterTransfer send detail on
E-Mail -omshantimedia.acct@bkivv.org **OR**
Whatsapp, Telegram No.:- 9414172087




अम्बिकापुर-छ.ग.। 'आज़ादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर' अभियान के अंतर्गत आयोजित 'सर्व धर्म समागम' में अम्बिकापुर जेल अधीक्षक बौद्ध समाज से राजेन्द्र गायकवाड़, प्राचार्य विवेकानंद स्कूल स्वामी तन्मयानंद जी, प्राचार्य बी.एड. कॉलेज सेंट ज़ेवियर फादर सुशील तिग्गा, मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि रशीद अंसारी, अध्यक्ष श्री गुरूद्वारा सिख सभा अम्बिकापुर श्री गुरूचरण सिंह छाबड़ा, पुलिस अधीक्षक अम्बिकापुर अमित तुकाराम काम्बले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अम्बिकापुर विवेक शुक्ला, अध्यक्ष प्रेस क्लब अम्बिकापुर त्रिलोक कपूर कुशवाहा, ब्रह्माकुमारीज़ सरगुजा संभाग की संचालिका ब्र.कु. विद्या दीदी, ब्र.कु. ममता बहन, सताक्षी वर्मा, आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर, आर.के. जैन एवं शहर के अन्य गणमान्य लोगों सहित ब्र.कु. भाई-बहनें उपस्थित रहे।



बागलकोट-कर्नाटक। 'अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर' अभियान के अंतर्गत ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा वीरभद्रेश्वर मंदिर हॉल बागलकोट में आयोजित कार्यक्रम में ब्र.कु. अम्बिका बहन,क्षेत्रीय निदेशिका, ब्रह्माकुमारीज़,बेलगाव, ब्र.कु. भगवान भाई,मा.आबू, काशीनाथ महास्वामी, गुलदगुन्ड, जी.एन. पाटिल,पूर्व अध्यक्ष, एस.आर. मनहली,ज्वाइंट डायरेक्टर, शिक्षा विभाग, नागरत्ना हेब्बल्ली,नगरपालिका मेम्बर, एम.सी. घत्ताड, अध्यक्ष, वीरभद्रेश्वर ट्रस्ट कमेटी, राजशेखर अडकेनवर,रिटा. मैनेजर,के.वी.जी. बैंक, ब्र.कु. नागरत्ना बहन,स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका, ब्र.कु. सरोज बहन, संचालिका,ज्ञान गंगा कॉलोनी,विजयपुर, ब्र.कु. विश्वनाथ भाई,बेलगाव तथा अन्य ब्र.कु. भाई-बहनें उपस्थित रहे।



सेंधवा-म.प्र.। आज़ादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर अभियान के अंतर्गत 'न्याय व्यवस्था में आध्यात्मिकता एवं ईश्वरीय विधान' विषय पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस बी.डी. राठी, महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा, पूर्व अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष किरण तायल, लायंस क्लब अध्यक्ष सुनील छाबड़ा, रोट्री क्लब अध्यक्ष नीलेश अग्रवाल, सराफा एसोसिएशन अध्यक्ष मंजूल शर्मा, स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. छाया बहन तथा अन्य।



बसना-छ.ग.। 86वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती के अवसर पर आयोजित भव्य 'द्वादश ज्योतिर्लिंग झाँकी' के उद्घाटन पश्चात् उपस्थित हैं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सम्पत अग्रवाल तथा अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ ब्र.कु. भुवनेश्वरी बहन व ब्र.कु. पूनम बहन।

